रयत शिक्षण संस्था का,

डॉ.पतंगराव कदम महाविद्यालय, रामानंदनगर (बुर्ली)

हिंदी विभाग

हिंदी दिवस समारोह - अहवाल

2023 - 24

डॉ. पतंगराव कदम महाविद्यालय,रामानंदनगर(बुर्ली) में हिंदी विभाग की ओर से दि. 20 सितम्बर, 2023 को "हिन्दी दिवस" समारोह का आयोजन किया गया था। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि के रूप में डॉ. जाहिदा असलम मुल्ला शाहीन उर्दू हाईस्कूल कराड को निमंत्रित किया गया था। समारोह की अध्यक्षा महाविद्यालय की प्र. प्राचार्य प्रो. डॉ. उज्ज्वला पाटील थी। 'हिंदी दिवस' के अवसर पर निबंध, काव्यपाठ, वक्तृत्व आदि विभिन्न प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया था। इन प्रतियोगिताओं में प्रथम क्रमांक प्राप्त करने वाले विद्यार्थियों को पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया। तथा हस्तलिखित पत्रिका 'आविष्कार' का लोकार्पण किया गया।

मुख्य अतिथि डॉ. जाहिदा असलम मुल्ला ने अपने वक्तव्य में आज की युवा पीढ़ी के लिए भाषा का महत्व, पत्रकार, डिजिटल मीडिया, रेडियो, रक्षा विभाग, फिल्म उद्योग, अनुवाद, राष्ट्रीयकृत बैंकों आदि में नौकरी के अवसर उपलब्ध हैं आदि के बारे में जानकारी दी। अध्यक्षीय भाषण में प्रो. डॉ. उज्ज्वला पाटील जी ने हिंदी भाषा का महत्व बताया। अतिथियों का परिचय एवं प्रस्तावना प्रा.श्रीमती माधुरी सावंत ने की। महाविद्यालय के उपप्राचार्य और हिंदी विभाग प्रमुख डॉ. के.बी. भोसले जी ने छात्रों का मार्गदर्शन किया। इस कार्यक्रम का सूत्र संचालन डॉ. नितिन कुंभार ने किया। प्रा. संजीवनी शिंदे, प्रा. जाधव एस.बी. प्रा.माने टी.पी. आदि अध्यापक तथा छात्र - छात्राएँ उपस्थित थे। अंत में प्रा.श्रीमती माधुरी सावंत ने धन्यवाद ज्ञापन के साथ कार्यक्रम को संपन्न किया।

लाभार्थी संख्या - 46

उपलब्धि - राष्ट्रभाषा हिंदी का प्रचार प्रसार करना।
हिंदी साहित्य सृजन के प्रति छात्रों में रुचि बढाना।
हिंदी में रोजगार के अवसरों से छात्रों को अवगत करना।



प्रमुख अतिथि - डॉ. जाहिदा असलम मुल्ला

अध्यक्ष
हिंदी विभाग

प्र. प्राचार्य
डॉ.पतंगराव कदम महाविद्यालय,
रामानंदनगर (बुर्ली)